दैनिक भास्कर 21/10/2023

जोनल यूथ फेस्टिवल का समापन • राज्यपाल ने विजेता टीमों को किया सम्मानित, बोले-यूथ महोत्सव हमारी संस्कृति का प्रतीक

एसडी कॉलेज ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी, जीएमएन रनरअप

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज में चल रहे 3 दिवसीय 46वें जोनल यूथ फेस्टिवल का शुक्रवार को समापन हुआ। ज्यादातर प्रतियोगिताओं में विजेता रहे एसडी कॉलेज ने इस बार भी ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। ये 45वां मौका है, जब एसडी कॉलेज विजेता बना। जीएमएन कॉलेज रनरअप रहा और थिएटर ट्रॉफी भी अपने नाम की। युवा महोत्सव में 20 कॉलेजों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

तीसरे दिन उद्घाटन सत्र पर मुख्यातिथि केयूके के परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुक्म सिंह का कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह ने स्वागत किया। समापन समारोह के मुख्यातिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय थे। उन्होंने कहा कि इस तरह के महोत्सव भारतीय सभ्यता, संस्कृति, संगीत, नृत्य और परंपराओं को संजोकर रखते हैं। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त व विशिष्ट अतिथियों में महा सिंह पुनिया डायरेक्टर डीवाईसीए मौजूद थे।

अम्बाला | जोनल यूथ फेस्टिवल में ओवरऑल ट्रॉफी के साथ एसडी कॉलेज व रनअप जीएमएन कॉलेज की टीम को ट्रॉफी देते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

जोनल यूथ फेस्टिवल में हरियाणवी ग्रुप डांस की प्रस्तुति देती छात्राएं।

ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी में डीएवी व हरियाणवी आर्केस्ट्रा में जीएमएन कॉलेज ने बाजी मारी

- वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट्स सोलो: एसडी कॉलेज प्रथम, एसए जैन कॉलेज द्वितीय, जीएमएन कॉलेज तृतीय रहा।
- वेस्टर्न वोकल सोलो: एसडी कॉलेज प्रथम, जीएमएन कॉलेज द्वितीय व एसए जैन कॉलेज तृतीय।
- हरियाणवी आर्केस्ट्रा में जीएमएन कॉलेज प्रथम, एसडी कॉलेज द्वितीय व गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर-1 पंचकूला तृतीय।
- ग्रुप सॉन्ग वेस्टर्न में एसडी कॉलेज प्रथम, जीएमएन कॉलेज द्वितीय व एसए जैन कॉलेज तृतीय।
- ग्रुप डांस हरियाणवी में एसडी कॉलेज प्रथम, डीएवी कॉलेज द्वितीय व गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमन अम्बाला सिटी व एसए जैन कॉलेज तृतीय रहे।
- इंस्टालेशन में डीएवी कॉलेज प्रथम, एसडी कॉलेज द्वितीय व श्री हरिकृष्ण साहिब खालसा कॉलेज पंजोखरा व गवर्नमेंट कॉलेज फॉर विमेंस तृतीय।
- ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी में डीएवी कॉलेज प्रथम, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज कैंट द्वितीय व आर्य गर्ल्स कॉलेज तृतीय।

याद मैंने घनी सतावे ... ग्रुप डांस में धमाकेदार प्रस्तुति

तीसरे दिन विद्यार्थियों ने हरियाणवी आर्केस्ट्रा, ग्रुप डांस (हरियाणवी), वेस्टर्न वोकल सोलो और वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट सोलो की प्रस्तुति दी। जीएमएन कॉलेज की टीम ने आर्केस्ट्रा की जैसे ही प्रस्तुति दी तो पंडाल में स्टूडेंट्स उत्साहित होकर झूमने लगे। ग्रुप डांस हरियाणवी में डीएवी कॉलेज की टीम ने ओ साजन, ओ बालम कुछ न भावे तेरे बिन, हाय रे मैं तो मर जाऊंगी गीत पर, वहीं एसए जैन कॉलेज के स्टूडेंट्स ने याद मैंने घनी सतावे, रात में मनै नींद ना आवै, हायै मैं तो मर जाऊंगी गीत पर हरियाणवी डांस की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इंस्टॉलेशन में प्रतिभागियों ने मिट्टी, बांस, घास-फूस व कई बेकार पड़ी चीजों से जनजाति संस्कृति की मनमोहक झांकी दिखाई। वहीं, ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी प्रतिभागियों के लिए रोमांचकारी अनुभव रहा।